**Announcement by the Speaker regarding welcome of H.E. Mr. Justin Tokely, President of the National Assembly Of The Republic Of Madagascar and Members of Parliamentary Delegation**

माननीय अध्यक्ष**:** माननीय सदस्यगण, मुझे आपको सूचित करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि हमारे सदन की विशेष दीर्घा में मेडागास्कर की नेशनल असैम्बली के प्रेजीडेंट श्री जस्टिन टुकेली के नेतृत्व में मेडागास्कर का संसदीय शिष्टमंडल उपस्थित है ।

मैं अपनी ओर से तथा सदन के सभी माननीय सदस्यों की ओर से उनका हार्दिक स्वागत करता हूं । माननीय श्री जस्टिन टुकेली और उनके उच्च स्तरीय संसदीय शिष्टमंडल की यात्रा भारत-मेडागास्कर के परस्पर संबंधों की गहराई का प्रतीक है । उनकी यात्रा दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय साझेदारी को और मजबूत करेगी ।

हम भारत में उनके सुखद, सफल एवं मंगलमय प्रवास की कामना करते हैं । उनके माध्यम से हम मेडागास्कर की संसद और वहां की मित्रवत जनता को भी शुभकामनाएं देते हैं ।

________